- ए अल्लाह के बंदो!कुरान का सस्वर पाठ सबसे श्रेश्ठ प्रार्थना और अल्लाह की निकटता प्राप्ति का सबसे बड़ा माध्यम है,चाहे तहज्जुद एवं तरावीह़ में सस्वर पाठ की जाऐ अथवा नमाज़ के बाहर सस्वर पाठ की जाऐ,अब्दुल्लाह बिन **मसऊद** रजीअल्लाहु अंहु से वर्णित है कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमायाःजिसने अल्लाह की पुस्तक का एक षब्द पढ़ा उसे उसके बदले एक पुण्य मिलेगा,और एक पुण्य दस

[35] इसे अह़मद;4/107 ने रिवायत किया है और अल्बानी ने अलसह़ीहा 1575 में इसे ह़सन कहा है।

गुना बढ़ा दिया जाएगा,में यह नहीं कहता कि «الم»एक षब्द है,बल्कि «الف»एक षब्द है,«لام»एक षब्द है और«ميم»एक षब्द है[36]

• अबू मूसा अषअ़री रजीअल्लाहु अंहु ने उल्लेख किया है कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमायाःउस मोमिन का उदाहरण जो कुरान पढ़ता हो,संतरे जैसी है जिस का सुगंध भी मधुर है और स्वाद भी सुस्वादु है और उस मोमिन का उदाहरण जो कुरान नहीं पढ़ता,खजूर जैसा है जिस में कोई सुगंध नहीं होता किंतु स्वाद मधुर होता है और पाखण्डी का उदाहरण जो कुरान पढ़ता हो,रैहा़ना;पुश्पद्ध जैसा है जिसका सुगंध तो अच्छा होता है किंतु स्वाद कड़वा होता है और जो मुनाफिक;पाखण्डीद्धकुरान भी नहीं पढ़ता उसका उदाहरण अंदराइन जैसा है जिसका सुगंध नहीं होता और स्वाद भी कड़वा होता ह[37]

• अबू होरैरा रजीअल्लाहु अंहु से वर्णित है कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमायाःरषक;ईश्र्या द्वेशद्ध तो केवल दो ही व्यक्तिों पर होना चाहिएःएक उस व्यक्ति पर जिसे अल्लाह तआ़ला ने कुरान का ज्ञान दिया और वह रात.दिन उसकी सस्वर पाठ करता रहता है,उसका पड़ोसी सुन कर कह उठे कि काष मुझे भी इसके जैसा कुरान का ज्ञान होता और में भी इसके जैसा कार्य करता और वह दूसरा जिसे अल्लाह ने धन दिया और उसे सत्य के लिऐ लुटा रहा है।;उसको देख करद्धदूसरा व्यक्ति कह उठता है कि काष मेरे पास भी इसके जैसा धन होता और में भी उसके जैसा खर्च करता[38]

• आयषा रजीअल्लाहु अंहा वर्णन करती हैं कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमायाःउस व्यक्ति का उदाहरण जो कुरान पढ़ता है और वह उसका ह़ाफिज भी है,सम्मानित एवं लिखने वाले नेक देवदूतों जैसा

[36] इसे तिरमीजी ;2910 ने रिवायत किया है और अल्बानी ने सह़ी कहा है।
[37] इसे बोखारी;5427 और मुस्लिम;797 ने वर्णन किया है।
[38] इसे बोखारी;5026 ने वर्णित किया है।

है और जो व्यक्ति कुरान बारबार पढ़ता है।फिर भी वह उसके लिऐ कठिन है तो उसे दोगुना पुण्य मिलेगा[39]

• अबू होरैरा रजीअल्लाहु अंहु कहते हैं कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमायाःष्क्या तुम में से कोई इस बात को पसंद करता है कि जब वे अपने घर लौट कर जाए तो उसे तीन बड़ी मोटी गर्भवती **ऊंटनियां** घर पर बंधी हुई मिलींष्हमने कहाःजी हां;क्यों नहींद्ध।आपने सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमायाःष्तुम में से जब कोई व्यक्ति नमाज़ में तीन आयतें पढ़ता है,तो यह उसके लिए तीन बड़ी मोटी गर्भवती **ऊंटनियों** से श्रेश्ठतर है[40]

• उक़बा बिन आ़मिर रजीअल्लाहु अंहु से वर्णित है कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम घर से निकल कर बाहर आऐ।हम सफा;चबूत**रे**[41] पर थे,आपने फरमायाःष्तुम में से कौन पसंद करता है कि रौजाना सुबह बत़्हान[42] अथवा अ़क़ीक़[43] ;की वादीद्धमें जाए और वहां से बेगैर किसी पाप एवं संबंध तौड़ने के दो बड़े बड़े कोहानों वाली **ऊंटनियां** लाए? ष्हमने कहाःए अल्लाह के रसूल!हम सब को यह बात पसंद है,आपने फरमायाःषफिर तुम में से सुबह कोइ व्यक्ति मस्जिद में क्यों नहीं जाता कि वह अल्लाह की पुस्तक की दो आयतें सीखे अथवा उनकी सस्वर पाठ करे तो यह उसके लिऐ दो **ऊंटनियों** की प्राप्ति से अच्छा है और यह तीन आयतें तीन **ऊंटनियों** से अच्छा है और चार आयतें उसके लिए

[39] इसे बोखारी ;4937 और मुस्लिम ;798 ने वर्णित किया है उपरोक्त षब्द बोखारी के हैं।
[40] मुस्लिम 208
[41] यह मस्जदि नबवी की वह सायादार स्थान है जिसमें दरिद्र सह़ाबा शरण लेते थे।देखें: अलनेहाया
[42] मदीना की वादी है
[43] मदीना की एक वादी है

चार **ऊंटनियों** से बेहतर हैं और;आयतों की संख्या जो भी हो द्ध **ऊंटनियों** की उतनी संख्या से बेहतर हैष्।[44]

- अबू अमामा बाहिली रजीअल्लाहु अंहु से वर्णित है कि में ने नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को फरमाते हुए सुनाःष्कुरान पढ़ा करो,क्योंकि वह क़यामत के दिन कुरान वालों;हिफज़ व पाठन व अमल करने वालोंद्धका सिफारषी बन कर आऐगा[45]

- मोमिन बंदा जब रोज़ा के साथ कुरान की तिलावत;सस्वर पाठद्धकरे तो वह इस का अधिक पात्र होता है कि क़यामत के दिन यह आमाल उसके प्रति अनुषंसा करें कि उसके स्थान उच्च कर दिऐ जाऐं और पाप मिटा दिऐ जाऐं।अब्दुल्लाह बिन अमर रजीअल्लाहु अंहु रिवायत करतें हैं कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमायाःष्रोज़ा और कुरान क़यामत के दिन बंदे के प्रति अनुषंसा करेंगे,रोज़ा कहेगाः;हे पालनहार!मेंने इसे खाने पीने और आतमा की इच्छाओं से रोके रखा,इस़के प्रति मरी अनुषंसा स्वीकार करले और कुरान कहेगाः;मेंने इसे रात को सोने से रोके रखा,इसके प्रति मेरी अनुषंसा स्वीकार करले इस प्रकार दोनों की अनुषंसा स्वीकार कर ली जाएगी।[46]

षीर्शकः

[44] मुस्लिम 803द्ध
[45] मुस्लिम 804
[46] इसे अहमद ;2/174 ने रिवायत किया है और अल्बानी ने सही अलतरग़ीब984 और ष्सही अलजामे7329 में उसे सही कहा है।

षबक़दर की दस विषेशताए

अल्लाह तआ़ला ने अपनी ह़िकमत;नीतिद्ध से कुछ समय को कुछ पर प्राथमिकता एवं प्रधानता प्रदान किया है,अतः जिलह़िज्ज के दस दिनों को वर्श के अन्य दिनों पर प्राथमिकता दी है,अ़रफा के दिन को वर्श के समस्त दिनों पर प्राथमिकता प्रदान किया है,रमज़ान को अन्य समस्त महीनों पर प्रधानता दी है और षबे क़दर को रमज़ान की समस्त रातों से श्रेश्ठतर बताया है, षबे क़दर की दस विषेशताएं हैं जो निम्नलिखित हैं:

• प्रथम विषेशताःयह वह रात है जिसको अल्लाह ने यह विषेशता प्रदान किया है कि उसमें कुरान के नाज़िल करना प्रारंभ किया,अल्लाह का कथन है:

(إِنَّا أَنْزَلْنَاهُ فِي لَيْلَةِ الْقَدْرِ)

अर्थातःनिसंदेह हमने इसे षबे क़दर में नाज़िल किया।

इसी रात में कुरान लौहे मह़फूज़ से बैतुलइज्ज़त में नाज़िल हुआ जो सांसारिक आकाष में है,फिर वहां से घटनाओं के अनुसार क्रमषः नाज़िल होता रहा।

• षबे क़दर को इस नाम से जानने का कारण यह है कि इस रात का बड़ा महत्व है,जैसा कि कहा जाता है;अमुक व्यक्ति का बड़ा महत्व हैद्ध,इस प्रकार महत्व को रात से संबंध करना,किसी वस्तु को उसके विषेशण की ओर संबंध करने की जाति से है।

• एक कथन यह है कि चूंकि इस रात में पूरे साल के मामले मोक़ददर;निष्चय द्ध किए जाते हैं,अर्थात वार्शिक तक़दीर निष्चय किए जाते हैं,जैसा कि अल्लाह का कथन है:

(فِيهَا يُفْرَقُ كُلُّ أَمْرٍ حَكِيمٍ)

अर्थातःइसी रात में प्रत्येक मज़बुत कार्य का निर्णय किया जाता है।

इब्नुलकय्यिम कहते हैं किःयही कथन सत्य है।[47] [48]

अतः इस रात में निर्णय लिया जाता है कि आगामी वर्श में कोनसे कार्य होने हैं।अर्थात अल्लाह तआ़ला देवदूतों को पूरे वर्श की गतिविधियों से अवगत करता है,उन्हें विस्तारपूर्वक आगामी वर्श की षबे क़दर तक घटने वाले समस्त घटनाओं से संबंधित कर्तव्यों का आदेष देता है,उनके समक्ष मृत्यु,रिज़्क,फक़ीरो व अमीरी,हरयाली व अकाल,स्वास्थ्य एवं रोग,युद्ध एवं भूकंप और इस वर्श घटित होने वाले समस्त घटनाएं स्पश्ट कर दिए जाते हैं।[49]

इब्ने अब्बास रजीअल्लाहु अंहुमा फरमाते हैंःषबे क़दर में लौहे महफूज़ से,आने वाले वर्श के मध्य घटने वाली मृत्यु एवं जीवन,रिज़्क एवं वर्शा उल्लेख किया जाती हैं,यहां तक कि हाजियों के विशय में भी लिख लिया जाता है कि अमुक अमुक व्यक्ति ह़ज करेंगे[50]

• षबे क़दर की द्वितीय विषेशता यह है किःइस में देवदूत पृथ्वी पर नाज़िल होते हैं,अल्लाह का कथन हैः

(تَنَزَّلُ الْمَلَائِكَةُ وَالرُّوحُ فِيهَا)

अर्थातःइसमें देवदूत और रूह;जिबरईलद्ध उतरते हैं।

रूह़ का अर्थ जिबरईल है,इब्ने कसीर रहीमहुल्लाह इस आयत की व्याख्या में लिखते हैंःअर्थात यह रात जोकि बड़ी बरकतों वाली होती है,इस लिए अधिक संख्या में देवदूत नाजिल होते हैं,बरकत एवं रह़मत के साथ देवदूत भी नाजिल होते हैं,जिस प्रकार कुरान के सस्वर पाठ के समय देवदूत नाजिल होते हैं,षैक्षिक सभा को घेर लेते हैं और सत्य नियत के

---

[47] षफाउल अ़लीलः1/110,प्रकाषकःअलअबीकान पुस्तकालय.रियाज

[48] इन दोनों कथनों के लिए देखेंःअह़दीसल सियामः140,षख अब्दुल्लाह अलफौज़ान की

[49] अल्लाह तआ़ला के कथन(فِيهَا يُفْرَقُ كُلُّ أَمْرٍ حَكِيمٍ)का व्याख्या देखेंःषंक़ीती रहिमहुल्लाह की तफसीरःअज़वाउल बयान में सूरह अलदोखन में।

[50] इस कथन को इब्ने जरीर आदी ने इब्ने अब्बास रजीअल्लाहु अंहुमा से निम्नलिखित आयत की व्याख्या में उल्लेख किया है,उपरोक्त षब्द इब्ने जरीर से वर्णित हैं।

साथ ज्ञान प्राप्ति में व्यस्थ रहने वाले छात्रों के सम्मान में अपने पंख बिछा देते हैं।समाप्त

• षबे क़दर की तृतीय विषेशताःअल्लाह तआ़ला ने इस रात को सौभाग्यषाली बताया है,अल्लाह तआ़ला कुरान के नाज़िल होने के प्रति फरमाता हैः

(إِنَّا أَنْزَلْنَاهُ فِي لَيْلَةٍ مُبَارَكَةٍ)

अर्थातःनिसंदेह हमने इसे सौभाग्यषाली रात में उतारा है।

• षबे क़दर की चौथी विषेशताःअल्लाह तआ़ला ने इसे षांति की रात कहा है यहां तक कि फजर हो जाए,अर्थात प्रत्येक प्रकार की बुराइयों व फितनों से सलामति;सुरक्षाद्धकी रात,क्योंकि इस में कलयाण एवं अच्छाई अधिक से अधिक होती है,यहां तक कि फजर निकल आए।

• षबे क़दर की पांचवी विषेशताःजो व्यक्ति इस रात को क़याम करे अर्थात इसे नमाज़ से आबाद करे,.;ईमान के साथद्ध अर्थात अल्लाह तआ़ला इस महान रात में क़याम करने वालों के लिए जो बदला व पुण्य तैयार कर रखा है,उस पर ईमान रखते हूए,.;एहतेसाब के साथद्ध अर्थातःबदला व पुण्य की आषा करते हुए,उसके पूर्व के समस्त पाप माफ हो जाते हैं,अबू होररा रजीअल्लाहु अंहु से वर्णित है कि पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमायाःष्जो लैलतुल क़दर में ईमान व एह़तेसाब के साथ नमाज़ में खड़ा रहे उस के पुर्व के समस्त पापों को क्षमा प्रदान किया जाता है[51]

• षबे क़दर की छटी विषेशताःइस रात को नमाज़ से आबाद करना हज़ार रातों की प्रार्थना से बेहतर है,अर्थात तेरासी;83द्धवर्शों से भी अधिक,अल्लाह का कथन हैः

(لَيْلَةُ الْقَدْرِ خَيْرٌ مِنْ أَلْفِ شَهْرٍ)

[51] इसे बोखारी;1901द्धऔर मुस्लिम;759द्धने रिवायत किया है।

अर्थातःषबे क़दर एक हज़ार महीनों से बेहतर है।

पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमायाःष्रमज़ान का षुभ महीना तुम्हारे पास आ चुका है,अल्लाह तआ़ाला ने तुम पर इसके रोज़े फरज़ कर दिए हैं,इस में आकाष के दरवाजे खोल दिए जाते हैं,नरक के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं,और सरकष षैतानों को जंजीरें लगा दी जाती हैं,और इस में अल्लाह तआ़ाला के लिए एक रात ऐसी है जो हज़ार महोनों से बेहतर है,जो इस के अच्छाई से वंचित रहा तो वह बस वंचित ही रहा[52]

इब्ने सादी रहिमहुल्लाह फरमाते हैंःयह ऐसा;पुरस्कारद्ध है जिस के सामने बुद्धि आष्चर्यचकित और चेतना परीषान होजाता है कि अल्लाह तआ़ाला ने इस उम्मत को एक ऐसी रात प्रदान किया है जिस रात की प्रार्थना हज़ार रातों की प्रार्थना के समान है,जो कि एक लंबी आयू वाले मनुश्य के जीवन के बराबर है,अस्सी;80द्धवर्श से भी अधिक।[53]संक्षेप एवं हलके हैरफैर के साथ समाप्त हुआ।

• षबे क़दर की सातवीं विषेशताः पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम रमज़ान के अंतिम दस दिनों मं षबे क़दर की खोज में जितना परिश्रम करते थे उतना परिश्रम अन्य दिनों में नहीं करते थे,आयषा रजीअल्लाहु अंहा रिवायत करती हैं कि पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम अंतिम अ़षरे;अंतिम दस दिनोंद्धमें प्रार्थना में इतना परिश्रम करते थे जितना अन्य दिनों में नहीं करते थे।[54]

आयषा रजीअल्लाहु अंहा से वर्णित है कि पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की याह आदत थी कि जब रमज़ान का अंतिम अ़षरा आता तो आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम रात भर जागते और घर वालों को भी

[52] इसे निसाई;2106ने अबू होरैरा रजीअल्लाहु अंहु से वर्णित किया है और अल्बानी रहिमहुल्लाह ने इसे सही कहा है

[53] **लगभग तेरासी (83) वर्ष**

[54] मुस्लिम ;**1175**

जगाते, ;प्रार्थना मेंद्धकठोर परिश्रम करते और कमर कस लेते और हिम्मत बांध लेते थे।[55]

;कमर कस लेते और हिम्मत बांध लेते इस का अर्थ यह है कि प्रार्थना के लिए तैयार रहते,उसमें परिश्रम एवं लगन से काम लेते,और आदत के कहीं अधिक प्रार्थना करते थे,एक कथन यह भी है कि पत्नियों से अलग रहते और संभोग से दूर रहते।

• षबे क़दर की आठवीं विषेशताः पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम षबे क़दर की खोज में रमज़ान के अंतिम अ़षरे में मस्जिद के अंदर एतेकाफ किया करते थे,आयषा रजीअल्लाहु अंहा फरमाती हैंः पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम अपने मृत्यु तक बराबर रमज़ान के अंतिम अ़षरे में एतेकाफ करते रहे और आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के पष्चात आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पत्नियां एतेकाफ करती रहीं।[56]

अबू सईद खुदरी रजीअल्लाहु अंहु से वर्णित है कि पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमायाःमेंने षबे क़दर को खोजने के लिए प्रथम अ़षरे का एतेकाफ किया,फिर मेंने मध्य अ़षरे का एतेकाफ किया,फिर मेरे पास;जिबरईल आए द्ध तो मुझसे कहा गयाःवह अंतिम दस रातों में है तो अब तुम में से जो एतेकाफ करना चाहे वह एतेकाफ करले।[57]

• ए अल्लाह के बंदो! पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का इतना परिश्रम एवं लगन से प्रार्थना करना इस बात का प्रमाण है कि आप महत्वपूर्ण समयों में अल्लाह की अधिक से अधिक आज्ञाकारी किया करते थे,इस लिए मुसलमानों को भी पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का अनुगमन करना चाहिए कि आप ही आदर्ष हैं,हम मुसलमानों को अति परिश्रम के साथ अल्लाह की पूजा करनी चाहिए और रात व दिन के समय को नश्ट नहीं करना चाहिए,क्योंकि मनुश्य नहीं जानता कि कब स्वादों को तोड़ने और लोगों से जुदा करदेने वाली मौत उसे आ

[55] बोखारी;2034,मुस्लिम;1174 और निम्नलिखत षब्द मुस्लिम से वर्णित हैं।
[56] इसे बोखारी;2026 और मुस्लिम;1172 ने रिवायत किया है।
[57] मुस्लिम ;1167

पकड़े,फिर उस समय उसे अफसोस हो जब अफसोस का कोई लाभ नहीं होगा।[58]

• षबे क़दर की नौवीं विषेशताःइस रात में विषेश रूप से अल्लाह से क्षमा प्राप्त करने पर प्रोत्साहन आया है,आयषा रजीअल्लाहु अंहा ने पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से पूछाःए अल्लाह के नबी!यदी में षबे क़दर पालूं तो क्या दुआ मागूं?आपने फरमायाःयह कहनाः

(اللهمإنكعفوتحبالعفوفاعفعني)

अर्थातःहे अल्लाह!तू अधिक क्षमा प्रदान करने वाला है,तू क्षमा को पसंद करता है,अतःमुझे क्षमा प्रदान कर दे।

• षबे क़दर की दसवीं विषेशताःअल्लाह तआ़ाला ने इस के महत्व में एक सूरह नाज़िल फरमाई जो क़यामत तक सस्वर पाठ की जाती रहेगी,इसके माध्यम से इस की महानता को स्पश्ट किया,इसकी महानता का कारण यह बताया कि इस रात कुरान नाज़िल किया गया,एवं यह भी उल्लेख किया कि इस रात देवदूत पृथ्वी पर उतरते हैं,एवं जो इस रात को नमाज़ एवं प्रार्थना में गुजारता है उसका क्या पुण्य है,इस रात के आरंभ और अंत को स्पश्ट किया,समस्त प्रषंसाऐं उस अल्लाह के लिए हैं जिसने बंदों पर कृपा करते हूए उन्हें पुण्य के वसंत का मौसम प्रदान किया।

• हम अल्लाह से दुआ करते हैं कि उसी प्रकार रमज़ान के रोज़े रखने की तौफीक़ प्रदान करे जिस प्रकार उसे पसंद है,और अपने ज़िक्र व धन्यवाद और सुंदर प्रार्थना पर हमारी सहायता फरमाए।

• अल्लाह तआ़ाला ने षबे क़दर को अपनी नीति से गुप्त रखा है,वह ह़िकमत यह है कि मोमिन बंदा उसकी खोज में पूरी दस रातें प्रार्थना करे,ताकि बड़े पुण्य को प्राप्त कर सके,इसके विपरीत यदि मालूम होता कि षबे क़दर कोंसी तिथि को होती है तो वह केवल उसी रात में प्रार्थना करता।

[58] षैख मोह़म्मद बिन सालेह़ अलमुनजिद के लेख से हलके हैरफैर के साथ लिया गया है,मेंने यह कथन उनके वैबसाइट से लिया है।

• यदि षबे क़दर के बारे में मालूम होता कि वह कोंसी रात है तो पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम उसके खोज में पूरी दस रातें एतेकाफ न करते और न अपनी उम्मत को यह निर्देष देते कि उसकी खोज में दस रात एतेकाफ करें,बल्कि केवल षबे क़दर में ही आप एतेकाफ करते,जबकि वास्तव यह है कि आप ने संपूर्न दस रातों में उसको खोजने का आदेष दिया है,विषेश रूप से ताक़;विशमद्ध रातों में,जो इस बात का प्रमाण है कि ताक़ रात में षबे क़दर होने का अधिक संभावना होता है,आयषा रजीअल्लाहु अंहा से वर्णित है कि पैगंबर सल्लल्लाह, अलैहि वसल्लम ने फरमायाःष्षबे क़दर को रमज़ान के अंतिम अ़षरे की ताक;विशमद्ध रातों में खोजो[59]

ज्ञात हूआ कि इस्लामी पाठ इस बात के साक्ष हैं कि षबे क़दर प्रत्येक वर्श अलग अलग रातों में हुआ करती है,किंतु इन दस रातों के अंदर ही सीमित रहती है।

इस लिए मोमिन को चाहिए कि अंतिम अ़षरे की समस्त रातों के अंदर प्रार्थना में वयस्ता रहे,लोग सोषल नेटवर्क पर जो प्रसारित करते फिरते हैं कि षबे क़दर अमुक रात को होती है,इससे सतर्क रहें,यह ऐसी बात है जो समय की बरबादी और अ़मल से दूरी की ओर लेजाती है।

• ए अल्लाह के बंदो!मोमिन को चाहिए कि अंतिम अ़षरे में अन्य दिनों के तुलना में अधिक परिश्रम एवं लगन से प्रर्थाना करे,इसके दो कारण हैं,एक यह किःइस अ़षरे का अधिक महत्व है और इसी में षबे क़दर भी होती है,दूसरा यह किःयह महीना उससे विदा हो रहा है और वह नहीं जानता कि आगामी वर्श उसे यह महीना नसीब होगा अथवा नहीं।[60]

[59]बोखारी 2017

[60] [60]यह कथन इब्न अलजौज़ी का है जो उन्होंने अपनी पुस्तक अलतबसेरहमें उल्लेख किया है,हैरफैर के साथ वर्णित।

शीर्षक:

ईदुलफ़ित्र से संबंधित दस महत्वपूर्ण बिन्दुऐं

إن الحمد لله نحمده ، ونستعينه، ونعوذ بالله من شرور أنفسنا ومن سيئات أعمالنا، من يهده الله فلا مضل له، ومن يضلل فلا هادي له، وأشهد أن لا إله إلا الله وحده لا شريك له، وأشهد أن محمدا عبده ورسوله.

प्रषंसाओं के पष्चात:

सर्वश्रेश्ठ बात अल्लाह की बात है एवं सर्वोत्तम मार्ग मोह़म्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का मार्ग है।दुश्टतम चीज़ धर्म में अविश्कारित बिदअ़त;नवाचारद्धहै और प्रत्येक बिदअ़त गुमराही है और प्रत्येक गुमराही नरक में ले जाने वाली है।

1ण ए अल्लाह के बंदो!अल्लाह तआ़ला से पूरे तौर से डरो और उसका तक़्वा अपनाओ,इस्लाम को बलपूर्वक थाम लो,और अल्लाह तआ़ला की प्रषंसा करो कि उसने रमज़ान महीने के अंत तक तुमको पहुंचाया,तुम्हारे रब का कथन है:

(وَلِتُكْمِلُوا الْعِدَّةَ وَلِتُكَبِّرُوا اللَّهَ عَلَىٰ مَا هَدَاكُمْ وَلَعَلَّكُمْ تَشْكُرُونَ)

अर्थात:वह चाहता है कि तुम गिनती पूरी करलो और अल्लाह तआ़ला की दी हुई मार्गदर्षन पर उसकी प्रषंसा करो और उसका आभारी रहो।

2ण ए मुसलमानो!निसंदेह अल्लाह तआ़ला ने सत्य फरमाया कि रमज़ान केवल:;गिनती के कुछ दिन हैंद्ध,यह दिन कितनी जलदी गुजर जाते हैं,यह दिन.रात गुज़र गए और हमसे जुदा हो गए,आपको महसूस हुआ कि कैसे यह दिन गुजर गए?क्या आपको एहसास हुआ कि कितनी जलदी यह दिन.रात बीत गए?

3ण ए मोमिनो!आपको बधाई हो कि आपने इस महीने के रोज़े रखे,आपको बधाई हो कि आपने इस महीने की रातों में क़्याम किया,आपको बधाई हो कि आप इस महीने के अंत तक को पहूंच गए,जबकि बहुत से लोगों का निधन हो गया और उन्हें रमज़ान का यह

अंतिम क्षण नसीब न होसका,हममे से प्रत्येक पर अल्लाह के अनेक आषीर्वाद हैं।

4ण ए मुसलमानो!आप सब को वह खुषी बधाई हो जो हमें इस्लाम के इस महान स्तंभ को पूरा करने के पष्चात रमज़ान महीने के अंत में प्राप्त होती है,हम अल्लाह की प्रषंसा करते हैं,उसके एकता और उसकी महानता की गीत गाते हैं,यदि अल्लाह ने चाहा तो हमारे पुण्यों में वृद्धि हुआ होगा,हमारे पापों को क्षमा मिला होगा और हमारे स्थान उच्च ह्ए होंगे।

5ण ए अल्लाह के बंदो!आपको वह खुषी बधाई हो जो हमें दो महान अवसरों के पष्चात ईद के रूप में प्राप्त होती है,जिसमें हमारे पाप मिटाए जाते हैं,पुण्यों में वृद्धि होता है,हमारे स्थान उच्च होजाते हैं,रोज़े पूरे करने के पष्चात हम ईदुलफ़ित्र मनाते हैं और ह्ज पूरा करने के पष्चात ईदुलअज़हा मनाते हैं,हमारी ईदें दीन व प्रार्थना,नमाज़ व तकबीर, ;प्राण की बलिद्ध और ज़काते फितर से निर्मित हैं,यह खुषी भी है और परिजनों के साथ सुंदर व्यवहार भी,आपसी मोलाकात,आपसी प्रेम,पूर्व के पापों को क्षमा और नए संबंध बनाने,छल.कपट और कीना को भूल जाने का उत्तम अवसर है,जिस व्यक्ति को किसी परिजन अथवा मित्र से छल.कपट हो अथवा संबंध टूट गया हो तो उस दिन को गनीमत जान कर संबंध को जोड़े और नए से संबंध बनाए और दिलों में खूषयों के रंग भरे,नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की ह्दीस है:;अल्लाह के निकट सबसे प्रिय कार्य यह है कि किसी मुसलमान को खुषी पहूंचाई जाए द्ध;सही अलतरगीब:955द्ध

6ण ए मोमिनो!आपको हमारी ईद की यह ;पवित्र द्धखुषी की बधई हो जो बहुदेववादी और गुमराह समुदायों की ईदों में नहीं पाई जाती,बल्कि उनकी ईदें उनके पाप और अल्लाह से दूरी में वृद्धि कर देती हैं।

अल्लाह के बंदो!इन रह्मतों से प्रसन्न होजाऐं,अल्लाह का कथन है:

(قُلْ بِفَضْلِ اللَّهِ وَبِرَحْمَتِهِ فَبِذَلِكَ فَلْيَفْرَحُوا)

अर्थातःआप कह दीजिए कि बस लोगों को अल्लाह के इस आषीर्वाद और रह़मत से प्रसन्न होना चाहिए।

अल्लाह से और;रह़मत व बरकतद्धआषीर्वाद की दुआ करें,समस्त प्रषंसाऐं अल्लाह के लिए हैं कि उसने हमारे उपर यह कृपा किया कि हमें इस्लाम और सुन्नत का निर्देष एवं मार्गदर्षन प्रदान किया।

7ण्ए मुसलमानो! ;ईद के दिनद्धसिंगार करें खुषबू लगाऐं,इमाम मालिक रहिमहुल्लाह फरमाते हैं:;मेंने विद्वानों से सुना कि वह अ़तर और सिंगार को हर ईद में मुस्तह़ब समझते थ[61]

8.ए मोमिनो!अपने घरों को और अपने दिलों को खोल कर रखें,एक दुसरे के लिए दुआ करें कि अल्लाह सब के अ़मल को स्वीकार करे,एक दुसरे को भदाई दें,सह़ाबा एक दुसरे को बधई देते हुए कहा करते थेः

تقبل اللہ منا و منکم

अल्लाह तआ़ला हमारे और आपके पुण्यों को स्वीकार फरमाए।द्ध

9.ए मुसलमानो!पूर्व के कमयों को क्षमा करना एक अति महत्वपूर्ण प्रार्थना एवं आज्ञाकारी है,अल्लाह तआ़ला ने उस पर अनेक बदला व पुण्य रखा है,अल्लाह का कथन हैः

(فَمَنْ عَفَا وَأَصْلَحَ فَأَجْرُهُ عَلَى اللَّهِ)

अर्थातःजो क्षमा करदे और सुधार करले उसका बदला अल्लाह के जिम्मे है।

अतः अल्लाह ने ;इस कार्य परद्धअनेक बदला व पुण्य का वादा किया है,जिससे पता चलता ह कि यह अ़मल बड़ा महान है।

ए मोमिनो!आत्मा;दिलोंद्ध की सुधार और उनका षुद्धिकरण एक श्रेश्ठतर प्रार्थना है,उस पर अल्लाह ने सफलता रखी है,अल्लाह का कथन हैः

(قَدْ أَفْلَحَ مَنْ زَكَّاهَا وَقَدْ خَابَ مَنْ دَسَّاهَا)

अर्थातःजिसने उसे पवित्र किया वह सफल हुआ और जिसने उसे भूमी में मिला दिया वह विफल हुआ।

[61] इब्ने रजब की पुस्तक षरहुलबोखारी;6/68,प्रकाषकःइब्नुलजौजी़.अलदमाम।

अल्लाह के बंदो!जिन कार्यों से प्रसन्न्ता में वृद्धि होता है,उनमें यह भी है कि समाजी संबंध अच्छे बनाए जाऐं,उनका नवीनीकरण किया जाए,उनमें षक्ति लाई जाए,पूरे वर्श के मध्य दिलों में छल कपट और नफरत के जो धूल जम गए हैं,उनसे दिलों को पवित्र किया जाए,बधाई है उस व्यक्ति के लिए जो ईद को गनीमत जान कर बिखरे हुए पति पत्नी के संबंध को बनादे,आपस में दूर दिलों को जोड़दे,जिसके कारण से उनके परिवार में खूषी पैदा हो जाए,अथवा कोई रक्त क्षमा करदे,अथवा परिजनों की आपसी रंजिष को दूर करदे।

ए अल्लाह **समस्त प्रशंसाएं तेरे ही योग्य हैं** तूने हमारे उपर रमज़ान के महीने का अंत और ईद को पहूंचाने का जो उपकार किया है,उसे हमारे लिए बरकत वाला बना दे और अपनी आज्ञाकारी के लिए इसे सहायक बनादे,ए अल्लाह!हमें अपना प्रेम और हर उस कार्य का प्रेम प्रदान कर जो तुछसे निकट करदे,में अपनी यह बात कहते हूए अपने लिए और आप सब के लिए क्षमा प्राप्त करता हूं,आप भी उससे क्षमा प्राप्त करें,निसंदेह वह बड़ा क्षमा करने वाला और अति कृपा करने वाला है।

द्वितीय उपदेषः

الحمد لله وحده، والصلاة والسلام على من لا نبي بعده، أما بعد:

10.ए अल्लाह के बंदो!आप जान लें.अल्लाह आप पर कृपा करे.कि सबसे बड़ी खूषी उस समय प्राप्त होगी जब आप अल्लाह तआ़ाला से पुण्य के कार्यों के साथ मोलाक़ात करेंगे,अल्लाह तआ़ाला स्वर्ग वालों से फरमाएगाः ए स्वर्ग वासियो!स्वर्ग वासी उत्तर देंगेः हम उपस्थित हैं ए हमारे परवरदिगार!तेरी षुभकामनाऐं प्राप्त करने के लिए।अल्लाह तआ़ाला पूछेगाः क्या अब तुमलोग खुष हुए?वे कहेंगेः अब भी भला हम खुष न होंगे जबकि तूने हमें वह सब कुछ दे दिया जो अपनी मख़लूक़ में से किसी को नहीं दिया।अल्लाह तआ़ाला फरमाएगाः में तुम्हें उससे भी अच्छा बदला दूंगा।स्वर्ग वासी कहेंगेः ए रब!इससे अच्छा और क्या चीज होगी?अल्लाह तआ़ाला फरमाएगा किः अब में तुम्हारे लिए अपनी प्रसन्नता को सवेद रहने वाला कर दूंगा अर्थात उसके पष्चात कभी तुम पर नाराज नहीं हूंगा।[62]

11.ए मोमिनो!रमज़ान सुधार का और सवेद के लिए अल्लाह तआ़ाला से संबंध बनाने का उत्तम अवसर है,इस लिए आप प्रार्थना में लगे रहैं,रमज़ान के साथ प्रार्थना समाप्त नहीं होता,बल्कि मृत्यु के पष्चात अ़मल का दरवाजा बंद होता हैः

(وَاعْبُدْ رَبَّكَ حَتَّى يَأْتِيَكَ الْيَقِينُ)

अर्थातः अपने रब की पूजा करते रहैं यहां तक कि आपको मृत्यु आजाए। नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का कथन हैः;अल्लाह के दरबार में सबसे अधिक पसंद वह कार्य है जिसे पाबंदी से सवेद किया जाए,चाहे वह कम ही हो[63]

ए मुसलमानो!रमज़ान के पष्चात भी पुण्य के कार्य पर स्थिर रहना अल्लाह की तौफीक़ और अ़मल के स्वीकार होने की पहचान है,इसके

[62] बोखारी ;6549 और मुस्लिम;2829 ने इसे अबू सइद खुदरी रजीअल्लाहु अंहु से वर्णित किया है।
[63] बोखारी ;5861द्ध ने आयषा रजीअल्लाहु अंहा से वर्णित किया है।

विपरीत केवल मौसम ही मौसम अ़मल करना कम ज्ञान,अल्लाह की तौफीक़ से दूरी का प्रमाण है,क्योंकि जो रमज़ान का रब है वही समस्त महीनों का रब है,किसी सलफ से उस व्यक्ति के बारे में पूछा गया जो व्यक्ति रमज़ान में खूब पार्थना करता है और उसके अतिरिक्त महीनों में प्रार्थना छोड़ देता है,तो उन्हों ने उत्तर दियाःयह बहुत ही बुरी कोम है जो केवल रमज़ान में अल्लाह को जानती है।

ए मोमिनो!मुसलमानों का एक श्रेश्ठ गुन यह है कि वे आज्ञाकारी करते हैं,आज्ञाकारी यह है कि प्रार्थना पर स्थिर रहा जाए और उसको सवेद किया जाए,अल्लाह ने आज्ञाकारी करने वालों की प्रषंसा करते हुए फरमायाः

(إِنَّ الْمُسْلِمِينَ وَالْمُسْلِمَاتِ وَالْمُؤْمِنِينَ وَالْمُؤْمِنَاتِ وَالْقَانِتِينَ وَالْقَانِتَاتِ وَالصَّادِقِينَ وَالصَّادِقَاتِ وَالصَّابِرِينَ وَالصَّابِرَاتِ وَالْخَاشِعِينَ وَالْخَاشِعَاتِ وَالْمُتَصَدِّقِينَ وَالْمُتَصَدِّقَاتِ وَالصَّائِمِينَ وَالصَّائِمَاتِ وَالْحَافِظِينَ فُرُوجَهُمْ وَالْحَافِظَاتِ وَالذَّاكِرِينَ اللَّهَ كَثِيرًا وَالذَّاكِرَاتِ أَعَدَّ اللَّهُ لَهُمْ مَغْفِرَةً وَأَجْرًا عَظِيمًا)

अर्थातः;जो लोग अल्लाह के आगे आज्ञाकारी के साथ अपने सर को झुकाने वाले हैंद्धमुसलमान पुरूश और मुसलमान महिलाऐं और मोमिन पुरूश और मोमिन महिलाऐं और आज्ञाकारी पुरूश और आज्ञाकारी महिलाऐं और सत्य बोलने वाले पुरूश और सत्य बोलने वाली महिलाऐं और सबर करने वाले पुरूश और सबर करने वाली महिलाऐं डरने वाले पुरूश और डरने वाली महिलाऐं और दान करने वाले पुरूश और दान करने वाली महिलाऐं और रोज़े रखने वाले पुरूश और रोज़े रखने वाली महिलाऐं और अपनी षरमगाहों की सुरक्षा करने वाले पुरूश और षरमगाहों की सुरक्षा करने वाली महिलाऐं और अल्लाह को अधिक से अधिक याद करने वाले पुरूश और अधिक से अधिक याद करने वाली महिलाऐं.कुछ संदेह नहीं कि उसके लिए अल्लाह ने क्षमा और विषाल बदला तैयार कर रखा है।

12.ए अल्लाह के बंदो!रमज़ान क पष्चात षौवाल के छे रोज़े रखना सुन्नत और मुस्तह़ब है और अल्लाह तआ़ला ने इस पर बड़े बदले का वादा कर रखा है,जैसा कि अबू अय्यूब रजीअल्लाहु अंहु से वर्णित है

कि रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमायाःजिसने रमज़ान के रोज़े रखे,फिर उसके पष्चात छे रोज़े रखे तो यह;पूरे वर्शद्धलगातार रोज़े रखने के जैसा है।[64]

षौवाल के छे रोज़े की एक बड़ी हि़कमत ;नीतिद्ध यह है कि रमज़ान के फरज़ रोज़ों में जो कमी रह जाती है,इन नफली रोज़ों से इसकी भरपाई हो जाती है,क्योंकि रोज़े़दार से कोई न कोई कोताही अथवा पाप हो जाता है जो फरज़ को प्रभावित करदेता है,अतःनफली रोज़े से फरज़ रोज़े की यह कमी दूर हो जाती है।

ईद से संबंधित यह दस;से अधिकद्ध बिन्दु हैं,मुस्लिम बंदा को चाहिए कि ईदुलफि़त़र के अवसर पर इन्हैं जेहन में रखे,ताकि ईद प्रार्थना में बदल जाए,केवल रीति रिवाज न रहे।

हे अल्लाह!हमारे पापों को और हमसे हमारे कामों में जो बेकार की जेयादती हुई है,उसे भी क्षमा करदे,हे अल्लाह!हमें नरक से मुक्ति प्रदान कर,हे अल्लाह!स्वर्ग को हमारा ठेकाना बनादे,हमें फिरदौसे बरीं का निवासी बना,हमें बिना हिसाब और बेगैर किसी यातना के स्वर्ग में प्रवेष प्रदान फरमा,ए करीम व दाता प्रवर्दिगार!हे अल्लाह!हमें नरक से मुक्ति प्रदान कर,हमें हमारे पापों से इस प्रकार पवित्र करदे जिस प्रकार हमारी माताओं ने हमें जना था,हे अल्लाह!हमारे इस सभा को पापों से क्षमा,अ़मल की स्वीकृति और परिश्रम की स्वीकृति व धन्यवाद के साथ समाप्ति फरमा,हे अल्लाह हमारे देष को और मुसलमानों के समस्त देषों को षांति,सोकून और खुषहाली व हरयाली का स्थान बनादे,हे अल्लाह!हमारी ईद को खुषी का स्त्रोत,हमारे जीवन को खुषहाल करदे,हमें स्वास्थ्य और षांति के साथ बारबार आज्ञाकारी व बरकत का मोसम प्रदान कर।

اللهم صل على محمد وعلى آل محمد، سبحانك ربنا رب العزة عما يصفون وسلام على المرسلين، الحمد لله رب العالمين

[64] मुस्लिम **1164**

लेखकः

शैख़ माजिद बिन सुलैमान अर्रसी

१षौवाल **१४४२** ह़िजरी

जूबैल,**सऊदी** अ़रब

००९६६५०५९०६७६१

अनुवादः
फैजुर रह़मान ह़िफजुर रह़मान तैमी
binhifzurrahman@gmail.com